इंस्पायर पुरस्कार मानक योजना में उत्तर प्रदेश अग्रणी

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश ने **इंस्पायर पुरस्कार मानक** (MANAK- मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) **योजना** के तहत सर्वाधिक **नामांकन (2.8 लाख)** प्राप्त कर छात्र-नेतृत्व वाली नवाचार गतिविधियों में राष्ट्रीय मानक स्थापित किया।

मुख्य बिंदु

- **उल्लेखनीय उपलब्धि:** इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 2.8 लाख नामांकन दर्ज किये गए, जो **योजना शुरू होने के बाद से सबसे अधिक है** तथा विगत वर्ष के 2.1 लाख से 70,000 अधिक है।
- **समावेशी भागीदारी:** सभी 75 ज़िलों से सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें **माध्यमिक, जूनियर हाई, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कंपोजिट और संस्कृत विद्यालयों** के छात्र शामिल थे।
- **शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ज़िले:** प्रतापगढ़ (7,085), प्रयागराज (6,929), लखनऊ (6,721), हरदोई (6,689), जौनपुर (5,930)।
    - नामांकन में **देश के शीर्ष 50 ज़िलों** में उत्तर प्रदेश के 22 ज़िले शामिल हैं।
- **राष्ट्रीय तुलना:** उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान 1.41 लाख और कर्नाटक 1.01 लाख नामांकनों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- **INSPIRE पुरस्कार मानक योजना:**
    - यह **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार** तथा **राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन (NIF)- भारत**, (DST की स्वायत्त संस्था) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित एक प्रमुख योजना है।
    - **लक्षित समूह:** कक्षा 6 से 12 तक के छात्र।
    - **उद्देश्य:** स्कूल के छात्रों में नवाचार, मौलिकता और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना।
    - **प्रक्रिया:** छात्र **ऑनलाइन नामांकन** के माध्यम से **नवीन विचार** प्रस्तुत करते हैं।

इंस्पायर (INSPIRE) योजना

- INSPIRE (Innovation in Science Pursuit for Inspired Research) योजना, **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** की प्रमुख **पहल** है, जिसका **उद्देश्य** प्रारंभिक अवस्था से ही **युवाओं को विज्ञान की ओर आकर्षित करना** तथा भारत के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिये एक मज़बूत मानव संसाधन आधार का निर्माण करना है।
- भारत सरकार वर्ष **2010 से इंस्पायर योजना को क्रियान्वित कर रही है,** जिसके अंतर्गत **इंस्पायर पुरस्कार मानक** सहित पाँच घटकों के माध्यम से **10-32 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों** को शामिल किया जाता है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-tops-in-inspire-award-manak-scheme